## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 23.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मन की बात में साझा किए अपने विचार,कहा – भारत ने स्पेस में शानदार सेंचुरी बनाई, स्वास्थ्य रक्षा को लेकर दिए फिटनेस मंत्र,परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं।

2. विधान सभा का बजट सत्र कल से होगा शुरू, प्रशासनिक तैयारियां पूरी, आज सत्ता पक्ष और विपक्ष की बैठक में बनेगी रणनीति।

3. तेलंगाना में सुरंग में फंसे आठ लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास जारी, गुमला जिले के 4 श्रमिक भी शामिल, रेस्क्यू में जुटी सेना।

4. देवघर जिले में पुलिस ने 9 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, फर्जी कस्टम अधिकारी बन लोगों को बनाते थे शिकार।
   और
5. आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में, आज दुबई में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से, दोपहर ढाई बजे शुरू होगा मैच।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों से अपने विचार साझा किए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा की उपलब्धियों के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना 100वां रॉकेट छोड़ा।

प्रधानमंत्री ने इस महीने की 28 तारीख को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री ने श्रोताओं को सुझाव दिया ।

श्री मोदी ने आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस बार महिला दिवस पर वे एक ऐसी पहल करने जा रहे है जो हमारी नारी शक्ति को समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि वे एक्स और इंस्टाग्राम जैसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक दिन के लिए कुछ ऐसी प्रेरक महिलाओं को सौंपेंगे, जिन्होंने अलग–अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं, नवाचार किया है या अपनी एक अलग पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भोजन में तेल के अत्यधिक इस्तेमाल से हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां हो सकती हैं। श्री मोदी ने कहा कि वे दस लोगों को अपने भोजन में तेल में दस प्रतिशत की कटौती करने की चुनौती देंगे।

अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोर्ड की परीक्षा में भाग ले रहे परीक्षा योद्धाओं को शुभकामनाएं दीं।

*********************

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू होगा। सत्र को लेकर आज सत्तापक्ष और विपक्ष अलग– अलग बैठक कर अपनी रणनीति तैयार करेगा। सुबह कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की मौजूदगी में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। जबकि सत्तारूढ़ दलों की संयुक्त बैठक दोपहर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। शाम को छह बजे बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी।

*********************

तेलंगाना के नागर कुर्नूल जिले में दोमाला पेंटा के पास एक सुरंग की छत ढहने से फंसे आठ लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। सेना की टास्क फोर्स रेस्क्यू में जुटी हुई है। आपदा प्रबंधन और सिंगरेनी कोलियरीज की टीमें घटनास्थल पर मौजूद हैं। टनल प्रोजेक्ट में हादसे में गुमला जिले के चार मजदूर फंस गए हैं जिन्हें सकुशल निकालने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर तेलंगाना सरकार से आग्रह किया है। वहीं इस हादसे में फंसे मजदूरों के परिवार वाले काफी चिंतित हैं। गुमला के घाघरा थाना क्षेत्र निवासी अनुज साहू के परिजन काफी परेशान है और बेटे की सुरक्षित घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं।

*********************

देवघर जिले में साइबर थाना की विशेष टीम ने नौ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है । सारठ थाना क्षेत्र बौर पथरड्डा ओपी क्षेत्र के नावाबांध गांव के समीप जंगल में छापेमारी कर इन्हें गिरफ्तार किया गया। ये अपराधी फर्जी क्रेडिट कार्ड अधिकारी बनकर फर्जी मोबाइल नंबर से उपभोक्ताओं को कॉल कर झांसे में लेकर ठगी करते थे।

*********************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने वनों की रक्षा पर जोर दिया है । ये बातें उन्होंने जमशेदपुर वन प्रमंडल और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की ओर से पूर्वी सिंहभूम के मऊभंडार स्थित फुटबॉल मैदान में रन फॉर वन कार्यक्रम में कहीं। दस कलोमीटर की इस दौड़ में 35 सौ से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। मंत्री रामदास सोरेन ने वन के महत्व को बताते हुए कहा वन है तो हम है। झारखंड के सन्दर्भ में वन, जंगल का महत्व और भी बढ़ जाता है

*********************

साहिबगंज जिले में पीएम जनमन योजना के तहत लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए पीवीटीजी गांवों का डेटा बेस तैयार हो रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*********************

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में आज ग्रुप–ए में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दुबई में यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा।

*********************

झारखंड के लगभग सभी जिलों में बारिश के बाद मौसम का मिजाज बदल गया है। कल राज्य में सबसे अधिक तापमान डालटनगंज का 33 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम रांची का तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा।

******समाप्त***************